सात औद्योगिक इकाइयों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन मंजूर

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने किया फैसला
- वित्तीय मंजूरी से रोजगार सृजन का वातावरण बनेगा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली इम्पावर्ड कमेटी ने प्रदेश की सात औद्योगिक इकाइयों के वित्तीय प्रोत्साहन के वितरण संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। सोमवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता वाली इस कमेटी की हुई बैठक में संबंधित सभी प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

इम्पावर्ड कमेटी की इस बैठक में नीति के प्रावधानों के तहत सात औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन वितरित किए जाने संबंधी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति प्राप्त करने वाली औद्योगिक इकाइयों में मेसर्स वरुण बेवरेजेज हरदोई, मेसर्स सिल्वरटॉन इंडस्ट्रीज मुजफ्फरनगर, मेसर्स वण्डर सीमेंट अलीगढ़, मेसर्स मून बेवरेजेज हापुड़, मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट सोनभद्र, मेसर्स एसीसीअमेठी तथा मेसर्स गैलेन्ट इस्पात लिमिटेड-गोरखपुर शामिल हैं।

इस निर्णय से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने, उद्योगों के विकास को गति प्रदान करने तथा रोजगार सृजन के अनुकूल वातावरण को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। बैठक में प्रमुख सचिव राज्य कर, कामिनी रतन चौहान, प्रमुख सचिव एमएसएमई शशि भूषण लाल सुशील, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी, विजय किरण आनंद आदि मौजूद थे।